nt>

Title: Need of early completion of Bilaspur-Bhanpally-Rampur Railway line in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश की तरफ दिलाना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश ऐसा राज्य है जिस की पिछले 57 वर्ाों से रेलों के विस्तार की दृटि से घोर उपेक्षा हुई है। वहां आजादी के बाद लगभग 32 किलोमीटर ब्रॉडगेज लाइन पिछले 57 साल में निर्माण हुई है। कई वर्ा पूर्व बिलासपुर जिले के भानुपल्ली से रामपुर तक रेल लाइन का सर्वेक्षण हुआ था। उसमें रेल मंत्रालय ने 50 परसैंट, हिमाचल सरकार ने 25 परसैंट और कुछ सीमेंट कम्पनियों ने 25 परसैंट हिस्सा लगा कर कार्पोरेशन बनाया था लेकिन बाद में रेल मंत्रालय और हिमाचल सरकार ने मिल कर इस लाइन को बनाने का निर्णय किया था। अब नई सरकार ने उसका दोबारा सर्वेक्षण करके उसे अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। मेरा निवेदन है कि जिस तरीके से कश्मीर में रेलों के विस्तार के लिए एकमुश्त पैसा दिया गया है, उसी तरीके से हिमाचल प्रदेश में रेलों के विकास के लिये पैसा दिया जाये ताकि भानुपली-रामपुर रेल लाइन का काम शुरु हो सके। इसी तरह ऊना-तलवाड़ा ब्रॉड गेज का काम 1980 में शुरु हुआ था। यह केवल 32 किलोमीटर का मार्ग बना है। इस कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जाये ताकि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। वहां पर्यटन संभावनायें अधिक हैं जिनका दोहन ठीक ढंग से किया जा सकता है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Your notice is under consideration.

...(*Interruptions*)